प्रकाशनार्थ

पटना, 11 जुलाई। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित दो-दिवसीय आरोग्य पर्व पर एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इन्स्टीच्यूट (आद्री) द्वारा लगाए गए बहुत ही चर्चित स्टॉल का माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने भ्रमण किया। आद्री संस्था स्वास्थ्य विभाग को तकनीकी सहयोग प्रदान करती है।

इस अवसर पर माननीय मंत्री ने आद्री द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने आद्री के पूर्व सदस्य सचिव स्वर्गीय शैवाल गुप्ता को याद किया एवं उनके साथ जुड़ी अपनी यादों को साझा किया| साथ ही साथ उन्होंने आद्री के कार्यों की सराहना की एवं भविष्य में आद्री के साथ भागीदारी में और अच्छे काम करने की अपेक्षा करते हुए धन्यवाद दिया| आद्री की ओर से डॉक्टर सूरज शंकर, श्री सत्येंद्र कुमार, रचना मिश्रा, दनिश राजदान, गुलशन पटेल, संजीव कुमार एवं संजय मिश्रा द्वारा माननीय मंत्री का स्वागत किया गया|

(अभिषेक प्रसाद)